# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

फोन न० 0135–2669658 फैक्स न0 0135–2672902


पत्रांक–परीक्षा / 143 /2025–26

दिनांकः– 27 अगस्त, 2025

## विज्ञप्ति / अभ्यर्थन निरस्तीकरण

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा स्नातक स्तरीय पदों (विभिन्न विभागों हेतु) की लिखित परीक्षा दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 को आयोजित की गई। उक्त लिखित परीक्षा के आधार स्नातक स्तरीय पदों के अन्तर्गत अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु जारी औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की प्रेषित संस्तुति के उपरान्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के विज्ञापित पदों के अन्तर्गत दिव्यांग श्रेणी के अवशेष पदों पर चयन किए जाने के संबंध में मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड में रिट याचिका संख्या–471 / 2025 मुकेश व अन्य बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य योजित की गई।

उक्त याचिका में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 13.05.2025 को पारित आदेश के अनुपालन में आयोग द्वारा स्नातक स्तरीय परीक्षा के अन्तर्गत दिव्यांग श्रेणी एवं अन्य अवशेष पदों के सापेक्ष 1.5 गुना अभ्यर्थियों की अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु औपबंधिक श्रेष्ठता सूची दिनांक 14–07–2025 को आयोग की वेबसाइट पर जारी की गई, जिसके अनुसार चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेखों की सन्निरीक्षा दिनांक 21–07–2025 को आयोग में की गई।

सूच्य है कि आयोग द्वारा दिनांक 14 जुलाई, 2025 को जारी विज्ञप्ति के प्रस्तर–7 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु निर्धारित तिथि में अभ्यर्थियों की उपस्थिति नितान्त रूप से अनिवार्य है तथा निर्धारित तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। पृथक से किसी दशा में अभ्यर्थी को सन्निरीक्षा हेतु कोई अन्य तिथि निर्धारित नहीं की जायेगी।

अतः स्नातक स्तरीय पद (विभिन्न विभाग) के अन्तर्गत मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में दिव्यांग श्रेणी में चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु निर्धारित तिथि को उपस्थित न होने के आधार पर दिव्यांग श्रेणी के निम्नांकित अभ्यर्थियों का अनुपस्थिति के आधार पर अभ्यर्थन निरस्त किया जाता है:–

| क्र0सं0 | अनुक्रमांक | अभ्यर्थी का नाम | पिता का नाम | अभ्यर्थन निरस्त किए जाने का कारण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2406860155 | CHANDRA SHEKHAR | PANDEV POKHARIYA | अनुपस्थित |
| 2. | 1406860193 | ARUN KUMAR | BHAGWATI PRASAD KALA | अनुपस्थित |
| 3. | 2609860276 | NAMAN SHANKHYADHAR | RAMAKANT SHARMA | अनुपस्थित |
| 4. | 2609860282 | RAHUL GAHTORI | HARISH GAHTORI | अनुपस्थित |

(डॉ0 शिव कुमार बरनवाल)
सचिव